दैनिक जागरण 04/02/2023

# डा. राहुल दत्त ने संभाला जीएमएन कालेज के प्रिंसिपल का कार्यभार



जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. राहुल का स्वागत करते मैनेजमेंट के पदाधिकारी। • सौ. विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, अंबाला : डा. राहुल दत्त ने अंबाला कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के प्रिंसिपल का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले वे जीडी गोयनका विश्वविद्यालय में मेडिकल एंड अलाइड साइंसिज़ के डीन पद पर कार्यरत थे। वे मूलरूप से यमुनानगर के रहने वाले हैं। उन्होंने डा. वीके जैन का स्थान लिया है। इस दौरान जीएमएन कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान डा. गुरदेव सिंह, उपप्रधान केजेएस भलाया, महासचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता कालेज ट्रस्ट एवं सोसायटी के प्रधान जसवंत जैन, प्रबंधक समिति के सदस्य ब्रिगेडियर डा. राहुल त्रेहन, सचिव देव सरूप आदि मौजूद रहे। डा. रोहित ने बताया कि कालेज में शिक्षा नीति 2020 के अनुसार ही शिक्षा को रोजगारपरक बनाया जाएगा। इसके लिए कालेज अपने स्तर पर प्रयास करेगा। उनका मकसद है कि उद्यमी सीधे विद्यार्थियों से जुड़े और उनको परखें ताकि विद्यार्थियों को भी अपनी स्किल डेवलपमेंट में बेहतरी हासिल हो। आज समय की मांग है कि परंपरागत शिक्षा से हटकर रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए, जिसके लिए कालेज पूरी तरह से प्रयासरत रहेगा। डा. गुरदेव सिंह ने बताया कि कालेज अपने स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, फोरेंसिक साइंस जैसे कोर्स भी शुरु करने जा रहा है। डा. रोहित का शोध क्षेत्र में काफी अनुभव है, जिसका फायदा कालेज विद्यार्थियों को अवश्य मिलेगा।